वर्ष 1 - अंक 19
बुधवार 11 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# अतिक्रमण के विरूद्ध जिला प्रशासन की ...बड़ी कार्रवाई...



रिपोर्ट अनिल चौधरी

## लगभग 25 करोड़ रूपये कीमत की शासकीय जमीन को किया गया अतिक्रमण मुक्त

### इंदौर के मूसाखेड़ी क्षेत्र में लगभग 50 दुकानों और गुमटियों को हटाया गया

इंदौर। इंदौर जिले में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज राजस्व, पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अमले द्वारा मूसाखेड़ी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 25 करोड़ रूपये कीमत की शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया।

एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि 45 हजार वर्गफीट बेशकीमती शासकीय भूमि जो मूसाखेड़ी स्थित भूमि सर्वे नम्बर 132 पार्ट पर स्थित है, जिस पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा दुकानें, मकानें, गुमटियां आदि बनाकर अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमण के कारण यहां हमेशा ट्राफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती थी, जिसकी रहवासियों द्वारा शिकायत भी की जा रही थी। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में आज जिला राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम के अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए लगभग 50 दुकानों, गुमटियों और मकानों को हटाया गया है। अतिक्रमण मुक्त की गई शासकीय भूमि की कीमत लगभग 25 करोड़ रूपये है। श्री धनगर ने बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं को नगर निगम द्वारा सूचना जारी कर अतिक्रमण हटाने हेतु आदेशित किया गया था, किंतु अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके फलस्वरूप आज राजस्व, नगर निगम और पुलिस का संयुक्त दल मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, अपर तहसीलदार श्री कमलेश कुशवाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश अनुसार इंदौर जिले में तालाबों के आसपास, ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अथवा किसी शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है।





परमपूज्य सिद्ध संत सियाराम बाबा जी को आज मोक्षदा एकादशी सुबह ६ बजकर १० मिनट पर प्रभु मिलन हो गया है। जिनका अंतिम कर्म मां नर्मदा तट पर शाय ०४ बजे भट्यान तट पर होगा।

## युवा नेता राहुल निहोरे को डा भीम राव साहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय फ़िलोशिप अवार्ड मिलने के उपलक्ष मे सम्मान समारोह आयोजित किया



कार्यक्रम पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल जी कि मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ कार्यक्रम कि अध्यक्षता सलीम शेख जी द्वारा कि गयी सम्मान समारोह मे युवा समाजसेवी राहुल निहोरे को पुष्प माला एवं शाल पहना कर सम्मानित किया सम्मान समारोह मे जूनियर नासरुद्दीन सुभाष जैन सहित बड़ी संख्या मे समाजसेवी जन उपस्थित हुए।

## लखनऊ की 45 वर्षीय शकीला बानो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शकीला बानो पर कपड़े की दुकान में आग लगाने का आरोप, आग लगने से चार दुकानें जलकर नष्ट होने का आरोप महानगर लखनऊ की रहने वाली है शकीला बानो शिकायतकर्ता सिमरत पाल सिंह की शिकायत पर कार्यवाही, लखनऊ के थाना महानगर क्षेत्र का मामला।

# क़ानून में Digital arrest जैसा नही है कोई प्रावधान


आदित्य शर्मा

## यदि ऐसा कोई कॉल आए तो हो जाए सतर्क व सावधान।

• इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में Acropolis institute of Law के स्टूडेंट्स ने लिया ये ज्ञान.., सतर्कता व जागरूकता ही है इन अपराधों से बचने का एकमात्र समाधान।

इंदौर- वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज दिनांक 10.12.24 को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने Acropolis institute of Law में पहुँचकर स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में एडीशनल



डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 342 वीं कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 550 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित साइबर अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, पुलिस के पास आने वाली शिकायतों के आधार पर प्रैक्टिकली बताया उन्होंने सभी से कहा कि वर्तमान में लगभग अधिकतर कार्य और विशेषकर बैंकिंग कार्य ऑनलाइन हो गया है, इसी का दुरुपयोग कर साइबर क्रिमिनल्स बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड पर ही सबसे ज्यादा फोकस्ड कर, लोगों को लुभावने ऑफर और डर दिखाकर फेक कॉल्स व फर्जी लिंक और नए-नए विभिन्न तरीको से अपने जाल में फंसा विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड कर रहे है। सतर्कता और जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी तो कानून के ज्ञाता बन रहे हैं तो आप सबका जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है, तब ही आप दूसरों को इन खतरों से बचा पाएंगे।

इसलिए हम जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें , फर्जी कॉल व लिंक से बचकर रहे, सोशल मीडिया पर भी ध्यान रखें तथा अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें इस अवसर पर संस्थान के मैनेजमेंट व टीचिंग स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा संबंधी बारिकियों को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की सराहना करी। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 75876 29846 पर संपर्क कर सकता है।

# यादव ने की सौजन्य भेंट

**PM Modi से सीएम डॉ मोहन यादव ने की सौजन्य भेंट, केन बेतवा परियोजना के भूमि-पूजन के लिए किया आमंत्रित**





भोपाल। मध्यप्रदेश के सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को भोपाल में फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मंगलवार को अपने दिल्ली टूर के दौरान संसद भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की, मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यों की जानकारी पीएम से साझा की और उन्हें मध्य प्रदेश आने का न्योता दिया। सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को भोपाल में फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष में किये गये कार्यों से अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# हाइकोर्ट चुनाव:अध्यक्ष प्रत्याशी अनिल ओझा से सीधी बात

## काम किया है और भविष्य में भी काम करेंगे सदस्यों का सम्मान मेरी प्राथमिकता-ओझा

आगामी 18 दिसंबर को हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीख तय है अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं इनमें से एक अध्यक्ष प्रत्याशी एडवोकेट अनिल ओझा से चर्चा हुई जब उनसे पूछा गया कि यह चुनाव पूर्णरूप से बुद्धिजीची मतदाताओं से जुड़ा हुआ है ऐसे में वही प्रत्याशी जीत की ओर अग्रसर हो सकता है जिसने अपने साथियों के लिए कुछ किया हो।

आपके पास मतदाताओं को बताने के लिए क्या है। श्री ओझा ने बेबाक कहा कि यह मेरा पहला चुनाव नहीं है पूर्व में सचिव व अध्यक्ष पद पर काबिज रह चुका हूं। इस दौरान मेरे द्वारा किए गए कार्यों को गिनाने की आवश्यकता नहीं है किंतु इतना तय है कि मेरे एडवोकेट साथियों के सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करना मेरा पहला धर्म है और यह लड़ाई में किसी भी स्तर तक पहुंच कर लड़ सकता है। बावजूद इसके समय के साथ नए मतदाताओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है संभव है कि उन्हें मेरी कार्यप्रणाली की जानकारी कम हो इसलिए में आपके माध्यम से मेरे द्वारा पूर्व में अध्यक्ष पद पर रहते हुए कार्यों की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचा रहा हूँ।

## मेरे अध्यक्ष व सचिव कार्यकाल में निम्न कार्य किए गए

वरिष्ठ अधिवक्तागण के लिये बैठने की व्यवस्था (लॉज)।

पार्किंग को सुव्यवस्थित किया गया।

अधिवक्तागण के लिए शुध्द पेय जल की व्यवस्था।

बार रूम एवं टी क्लब का रिनोवेशन।

अधिवक्तागण के आवागमन हेतु ई-रिक्शा। बार में नयी कुर्सियां एवं नये पंखे एवं ए.सी. लगाए।

मेडिकल व्यवस्था को दुरुस्त करवाया।

मेडिकल केम्प, एवं आधार कार्ड कैम्प लगवाये।

अधिवक्तागण हेतु लेक्चर सीरीज की गई। • पार्किंग में शेड एवं बैठक व्यवस्था की गई। * फाईलिंग सेक्शन में 26 बाबूओं की व्यवस्था।

अधिवक्तागण के वाहन पास जारी किए गए और इन सभी कार्यों में बार की कोई राशि खर्च नहीं की गयी थी।

आप आगामी चुनाव किन मुद्दों पर लड़ रहे है

एडवोकेट अनिल ओझा ने कहा कि मुझे एक और मौका देंगे तो में अधिवक्ताओं का मान सम्मान बढ़ाते हुये आगे अपने साथियों के लिए निम्न व्यवस्थाओं का प्रयास करूंगा

1. निशुल्क ई-चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था
2. ई-कार अधिवक्तागण के सुगम आवागमन हेतु।
3. पुनः शुध्द पेय जल की केन की व्यवस्था।
4. अधिवक्तागण हेतु नये चेम्बर की मांग।
5. सोलर पैनल के माध्यम से चेम्बर की बिजली की कराने का प्रयास करूंगा
6. सुप्रीम कोर्ट की तर्ज पर केटिन की व्यवस्था।
7. पक्षकार के लिए पब्लिक टॉयलेट की सुविधा।
8. वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिये रूम की मांग।
9. वरिष्ठ अधिवक्तागण के लिये रिज़र्व पार्किंग की व्यवस्था।

यह सभी कार्य किए जाएंगे किंतु इसमें बार की कोई राशि खर्च नहीं होगी।

# चारों धामों में सीजन की पहली बर्फबारी



उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदली है। चारों धामों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। चारधाम समेत प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में एकदम से पारा गिरा दिया, जिससे ठंड में काफी इजाफा हो गया है। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में बर्फबारी हुई है।

### पक्षपात का आरोप

# राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए कांग्रेस लाएगी अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



संसद के चालू शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों का तापमान बढ़ा हुआ है। अब विपक्षी इंडिया ब्लॉक राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्षी गठबंधन एकजुट हो गया है। कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी (सपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में बताए जा रहे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि राज्यसभा के चेयरमैन के तौर पर जगदीप धनखड़ पक्षपात कर रहे हैं। वह विपक्षी दलों के सांसदों को मौका नहीं देते और उन्हें अनसुना किया जाता है। विपक्षी दल संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के तहत इस प्रस्ताव को लाने वाले हैं। बता दें कि सोमवार को भी संसद के दोनों सदनों में कामकाज प्रभावित रहा। राज्यसभा में भी रुक-रुककर हंगामा होता रहा और कई बार सदन को ठप करने के बाद अंत में पूरे दिन के लिए ही कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इस दौरान जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों के रुख पर दुख भी जताया और कहा कि ये लोग कामकाज बाधित कर रहे हैं और लोकतंत्र के मंदिर में चर्चा से बच रहे हैं।

### जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर हंगामे के दौरान सभापति का रुख

पिछले कुछ दिनों से इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शनों से दूर-दूर नजर आ रहे टीएमसी और सपा के सांसदों ने भी अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक विपक्षी दल मंगलवार को राज्यसभा में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। बताया जाता है कि अविश्वास प्रस्ताव तैयार है और इस पर 70 सदस्यों ने हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। बताया जाता है कि सोमवार को राज्यसभा में जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर हंगामे के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ के रुख को देखते हुए कांग्रेस ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया। सोमवार को जॉर्ज सोरोस से जुड़े मुद्दे पर जिस तरह से राज्यसभा में हंगामा हुआ, उसे लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य सभापति जगदीप धनखड़ से नाराज बताए जा रहे हैं।

### सदन में यह कहा सभापति जगदीप धनखड़ ने

सदन में हंगामे के दौरान भी दिग्विजय सिंह से लेकर राजीव शुक्ला तक, कांग्रेस सांसदों ने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि किस नियम के तहत उन्होंने चर्चा चालू की है। बता दें कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने से पहले हंगामे के बीच कहा कि राष्ट्रवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सौ फीसदी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने चैंबर में नेता सदन और विपक्ष के नेता के साथ बैठक की जिसमें कई और फ्लोर लीडर्स भी मौजूद थे। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता हमारे लिए सर्वोच्च है। किसी भी ताकत को हमारी एकता, अखंडता और संप्रभुता से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दे सकते। हम एक राष्ट्र के रूप में देशविरोधी ताकतों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### क्या है सभापति को हटाने की प्रक्रिया

राज्यसभा के सभापति को पद से हटाने के लिए कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव सचिवालय को भेजना होता है। कम से कम 14 दिन पहले दिए गए इस नोटिस के बाद राज्यसभा में उपस्थित सदस्यों के बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित होने के बाद इसे लोकसभा भेजना होता है। सभापति देश के उपराष्ट्रपति भी हैं जो दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। ऐसे में उनको पद से हटाने के लिए जरूरी है कि यह प्रस्ताव लोकसभा से भी पारित हो। बता दें कि शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक ही चलना है।

# नीट प्री पीजी की पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया निरस्त

## हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश की मेरिट लिस्ट फिर से तैयार करने को कहा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सोमवार को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा एमडी-एमएस कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित नीट प्री पीजी की पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया हो निरस्त करते हुए आदेश दिया है कि मध्यप्रदेश की मेरिट लिस्ट फिर से तैयार करें। उल्लेखनीय है कि स्टेट मेरीट लिस्ट तैयार करने के लिए नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया का उपयोग किया गया था।

इसके कारण कई कैंडीडेट्स की रैंकिंग कम हो गई थी। रीवा के रहने वाले डॉक्टर अभिषेक शुक्ला एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय को यह भी बताया गया था कि 3 साल की सेवा पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक का लाभ दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में ऐसे फार्मूले का उपयोग किया गया जिससे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिला और उनकी रैंकिंग डाउन हो गई। सभी पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस संजीव सचदेवा की डिवीजन बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया। उन्होंने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित नीट प्री पीजी की मेरिट लिस्ट को निरस्त करते हुए, उसके बाद होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया को रद्द कर दिया एवं आदेश दिया है कि, विधि मान्य फार्मूले का उपयोग करते हुए नई मेरिट लिस्ट तैयार करें। बता दें कि इसके पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने काउंसिलिंग प्रक्रिया के रिजल्ट पर रोक लगा दी थी। पूरा मामला स्टेट मेरिट लिस्ट तैयार करने में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। इसमें कई इन सर्विस कैंडिडेट्स को रैंकिंग में पीछे कर दिया गया था।



### अच्छी रेटिंग होने के बावजूद नीचे हो गया स्थान

रीवा के डॉ. अभिषेक शुक्ला और अन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि नीट के नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाते हुए पीजी कोर्स में दाखिले के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की गई थी। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के रजिस्टर्ड कैंडिडेट्स की मैरिट लिस्ट तैयार करने में दूसरी बार नॉर्मलाइजेशन प्रोसेस को अपनाया गया है, जिसके कारण नीट के मैरिट लिस्ट में अच्छी रेटिंग होने के बावजूद भी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में उनका स्थान नीचे हो गया।

### फॉर्मूला पूरी तरह से गलत

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की तरफ से पेश किए गए जवाब में कहा गया था कि रैंकिंग सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर दी गई है। वहीं युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि यह समझ के बाहर है कि कैसे और क्यों दो उम्मीदवारों के बीच सापेक्ष प्रदर्शन केवल उन्हें अलग-अलग सूचियों में रखने से बदल सकता है। कैसे एक उम्मीदवार जिसने अखिल भारतीय रैंक सूची में दूसरे उम्मीदवार की तुलना में अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उसी उम्मीदवार की तुलना में राज्य सूची में कम अंक प्राप्त किए हैं। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में सिर्फ यह नहीं होता कि एक फॉर्मूला बना दो और यह भी नहीं देख पाएं कि जो छात्र ऑल इंडिया रैंक में 2 हजार ऊपर है, वो स्टेट लिस्ट में 200 नीचे कैसे जा सकता है। लिहाजा यह फॉर्मूला पूरी तरह से गलत है।

### प्रोत्साहन अंक पाने के हकदार

युगलपीठ ने आदेश में कहा गया है कि मध्यप्रदेश में इन-सर्विस उम्मीदवार की कठिन ग्रामीण परिस्थितियों में पोस्टिंग है और वे अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। सेवा की अवधि के आधार पर अपने रॉ स्कोर में 10, 20, और 30 प्रतिशत प्रोत्साहन अंक पाने के हकदार हैं। युगलपीठ ने प्रदेश के उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट निरस्त करते हुए सामान्यीकृत अंकों के आधार पर प्रोत्साहन अंक देकर इसे नए सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार करने के आदेश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी की।

# बीना विधायक निर्मला सप्रे केस में हुई पहली सुनवाई

## हाईकोर्ट ने सप्रे और विधानसभा अध्यक्ष से मांगा जवाब

**जबलपुर।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार द्वारा मध्यप्रदेश की बीना विधानसभा सीट को लेकर लगाई गई याचिका में सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने बीना विधायक निर्मला सप्रे और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को नोटिस को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से अगली सुनवाई में जवाब पेश किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव के समय बीना विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में मंच साझा किया था और उनके भाजपा में शामिल होने की घोषणा मंच से की गई थी।

# बीजेपी की पार्षद-पति को पीटा

## रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे, पास की टेबल पर बैठे चार युवक-युवती से हुआ था विवाद

**विजय नगर में सोमवार रात वार्ड 46 से बीजेपी की पार्षद और उनके पति के साथ मारपीट हो गई। दोनों रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। इस दौरान नजदीक की टेबल पर बैठे तीन युवक और युवती ने उनके साथ मारपीट की।**



इंदौर। बाद में वह थाने पहुंची और आरोपियों पर केस दर्ज कराया। विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 54 के गुरू कृपा रेस्टोरेंट की है। यहां पर शैफू पति आकाश कुशवाह निवासी सोमनाथ की चाल अपने पति और बच्चे के साथ रात में करीब 11 बजे खाना खाने पहुंची थी। नजदीक की टेबल पर तीन लड़के और एक लड़की बैठे थे। चारों मोबाइल पर किसी से अपशब्दों का उपयोग कर बात कर रहे थे।

शैफू कुशवाह और उनके पति आकाश ने चारों को अपशब्दों के इस्तेमाल पर टोका और कहा कि यहां पर इस तरह की भाषा का उपयोग ना करें। इस बात पर वह नाराज हो गए और उन्होंने महिला पार्षद और उनके पति को अपशब्द कहना शुरू कर दिए। इसके बाद चारों ने पार्षद और उनके पति के साथ मारपीट कर दी। होटल स्टाफ ने बीच-बचाव किया। होटल में भीड़ होने के चलते आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देकर चले गए। रात में महिला पार्षद अपने पति के साथ थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। पुलिस मामले में आरोपियों की पहचान में जुटी है। मामले में विजय नगर टीआई चंद्रकांत पटेल ने कहा- रात में महिला पार्षद का विवाद हुआ है। खाना खाने के दौरान नजदीक की टेबल पर बैठे युवक-युवती अपशब्दों का उपयोग कर रहे थे। अभी आरोपी अज्ञात हैं। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज नहीं देखे हैं। आज देखकर पहचान करेंगे।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज



# ग्राम पंचायत सिंहासा में सरपंच नारायण चौहान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्य



**आदित्य शर्मा**

**इंदौर** । ग्राम पंचायत सिंहासा में सरपंच नारायण चौहान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का कार्य किया जा रहा हे जिसमें पौधे की कटिंग नए पौधे लगाना एवं कचरे को कैसे पुनः उपयोग कर उसे किसी दूसरे कार्य में उपयोग करना एवं कचरे में निकलने वाली बोतल को कलर कर रोड पे लगे पौधों के आस पास लगाना वही कचरे में निकलने वाले पुराने टायर को भी उपयोग कर उसे पेड़ पौधों की बाउंड्री बनाना वहीं जब हमारे द्वारा स्वच्छता अधिकारी प्रतीक जी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा सभी पंचायतों में स्वच्छता का कार्य एवं रिसाइकलिंग कार्य पर जोर दिया जा रहा हे जिससे वेस्ट हो गई चीजों को पुनः उपयोग में लाया जा सके एवं उनके द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा डोर टू डोर भी अभियान चलाया जाएगा जिससे वेस्ट कचरे को घर से लिया जाएगा एवं उसे उपयोग लायक बनाया जाएगा।







